**'सच्चर समिति की सिफारिशों के कार्यान्वयन' के संबंध में 'अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए प्रधानमंत्री महोदय के 15 सूत्रीय कार्यक्रम' से जुडे विभिन्न मुद्दों का प्रचार-प्रसार करते हुए सूचना और प्रसारण मंत्रालय के माध्यम एककों द्वारा किए गए प्रचार कार्य पर की गई कार्रवाई संबंधी नोट**

**अप्रैल 2018 - जून 2018**

**पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी)**

- पत्र सूचना कार्यालय प्रधानमंत्री महोदय के 15 सूत्रीय कार्यक्रम तथा सच्चर समिति की सिफारिशों के अंतर्गत अल्पसंख्यकों के कल्याण से जुड़े विभिन्न विषयों पर नियमित रूप से विज्ञप्तियों/ फीचर्स का प्रकाशन करता रहा है।
- उक्त विषय पर इसके विभिन्न क्षेत्रों से 125 प्रेस विज्ञप्तियां जारी की गईं।

**<u>लोक संपर्क और संचार ब्यूरो (बीओसी)</u>**

➢ **<u>क्षेत्रीय प्रचार निदेशालय (डीएफपी)</u>**

- क्षेत्रीय प्रचार निदेशालय के क्षेत्रीय प्रचार एककों ने देश के विभिन्न भागों में अल्पसंख्यकों के कल्याण तथा सच्चर समिति की सिफारिशों के कार्यान्वयन हेतु प्रधानमंत्री महोदय के नए 15 सूत्रीय कार्यक्रम की थीम पर कई प्रचार-प्रसार कार्यक्रमों का आयोजन किया है।
- अभियान का मुख्य बल सरकार की फ्लैगशिप स्कीमों स्कीमों अर्थात 'स्वच्छ भारत मिशन', 'प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई)', 'प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई)', प्रधानमंत्री सहज बिजली हर घर योजना-"सौभाग्य", 'स्किल इंडिया मिशन' तथा 'ग्रामोदय से भारत उदय' पर था, 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' और अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर भी विशेष रूप से बल दिया गया था। प्रधानमंत्री जी के मन की बात (एमकेबी) का फिल्मांकन किया गया तथा मन की बात में उठाए गए मुद्दों पर संकेंद्रित समूह चर्चाएं भी आयोजित की गई।
- निदेशालय ने लक्षित दर्शकों के साथ नियोजित कार्यकलापों में प्रश्नोत्तरी/वाद-विवाद, समूह चर्चा तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों जैसे विभिन्न फॉर्मेटों का उपयोग किया।
- निदेशालय ने सरकार की स्कीमों पर फिल्म शो, समूह चर्चा, फोटो प्रदर्शनियों आदि सहित लगभग 533 कार्यकलाप आयोजित किए।
- निदेशालय ने उक्त तिमाही के दौरान देश भर में कई अल्पसंख्यक बहुल गांवों में अपने प्रचार कार्यक्रमों के जरिए 48 हजार से अधिक (लगभग) लोगों को सरकारी नीतियों की जानकारी देने का कार्य किया।

**गीत और नाटक प्रभाग**

- गीत और नाटक प्रभाग ने लाइव मीडिया जैसे नाटक, लोक गीत, कठपुतली कला आदि के जरिए भीतरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया है।
- अल्पसंख्यकों के कल्याण तथा सच्चर समिति की रिपोर्ट के कार्यान्वयन के लिए प्रधानमंत्री महोदय के नए 15 सूत्रीय कार्यक्रम की मुख्य विशेषताओं से जुडे संदेशों का प्रभावी ढंग से संचार करने हेतु इन कार्यक्रमों को स्थानीय भाषाओं तथा बोलियों में प्रस्तुत किया जाता है।
- उक्त प्रभाग ने इस तिमाही के दौरान 195 प्रचार-प्रसार कार्यक्रम प्रस्तुत किए थे।

**विज्ञापन और दृश्य प्रचार निदेशालय (डीएवीपी)**

- यह निदेशालय अल्पसंख्यकों के लिए उपलब्ध भारत सरकार की विभिन्न स्कीमों, निधियों, छात्रवृत्तियों आदि का विशेष रूप से उल्लेख करते हुए उनके कल्याण से जुड़े विषय पर अखिल भारतीय आधार पर समय-समय पर विज्ञापन जारी करता रहा है।
- विज्ञापन और दृश्य प्रचार निदेशालय ने इस तिमाही के दौरान कई समाचारपत्रों में विज्ञापन जारी किए।
- "उस्ताद", "ईओआई", "भर्ती", "पीएमजेबवीके", "पुरस्कार" तथा "सीखो और कमाओ" जैसे विषयों पर समाचारपत्र विज्ञापन जारी किए गए।
- डीएवीपी ने उक्त तिमाही के लिए डिजिटल सिनेमा, बाह्य मीडिया, प्राइवेट एफएम तथा टीवी से जुड़े किसी विषय पर कोई अभियान/प्रचार नहीं किया था।

**आकाशवाणी**

- सभी आकाशवाणी केंद्रों ने 'अल्पसंख्यकों के कल्याण' पर समुचित कार्यक्रम तैयार करके उक्त विषय का व्यापक प्रचार-प्रसार किया।
- कई फॉर्मेटों का प्रयोग किया गया जिसमें वार्ताएं, कंपेरिंग, चर्चाएं, साक्षात्कार, स्पॉट्स, टॉकलेट्स, संवाद, फोन पर सीधी चर्चा से जुड़े कार्यक्रम आदि शामिल थे।
- कार्यक्रमों का मुख्य बल 15 सूत्रीय कार्यक्रम तथा सच्चर समिति की रिपोर्ट के विभिन्न घटकों के बारे में जागरुकता में वृद्धि करना था।
- उक्त तिमाही के दौरान आकाशवाणी केंद्रों द्वारा कुल 348 कार्यक्रमों का प्रसारण किया गया।

**दूरदर्शन**

- देशभर में विभिन्न दूरदर्शन केंद्र अल्पसंख्यकों के कल्याण तथा सच्चर समिति की सिफारिशों के कार्यान्वयन के लिए विभिन्न फॉर्मेटों के जरिए प्रधानमंत्री महोदय के नए 15 सूत्रीय कार्यक्रम पर कार्यक्रमों का प्रसारण करते हैं।
- कार्यक्रमों के फॉर्मेटों में चर्चाएं, स्टूडियो आधारित साक्षात्कार, सीधी चर्चा, फोन पर चर्चा, टीवी रिपोर्ट, सफलता की कहानियां आदि शामिल हैं।

*****

# सूचना और प्रसारण मंत्रालय

# अप्रैल 2018 से जून 2018 तक की राज्य-वार तिमाही प्रगति रिपोर्ट (क्यूपीआर)

| क्र. सं. | राज्यों/संघ राज्य के नाम | बीओसी (डीएफपी) द्वारा आयोजित कार्यकलापों की संख्या | पीआईबी द्वारा आयोजित वार्तालापों की संख्या | आकाशवाणी द्वारा प्रसारित कार्यक्रमों की संख्या | बीओसी (गीत और नाटक प्रभाग) द्वारा प्रसारित कार्यक्रमों की संख्या | बीओसी (डीएवीपी) द्वारा प्रिंट मीडिया पर प्रतिबद्धता राशि (रु. में) | दूरदर्शन द्वारा प्रसारित कार्यक्रमों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान और निकोबार | - | - | - | - | 52,116 | - |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 3 | 6 | 9 | - | 9,23,102 | - |
| 3 | तेलंगाना | | 1 | - | - | 15,28,234 | 9 |
| 4 | अरुणाचल प्रदेश | 133 | - | - | - | 15,356 | - |
| 5 | असम | 0 | - | - | 24 | 4,81,754 | - |
| 6 | बिहार | 6 | 6 | 8 | 14 | 14,65,855 | - |
| 7 | चंडीगढ़ | - | 7 | - | 0 | 4,51,304 | - |
| 8 | छत्तीसगढ़ | 18 | - | - | - | 8,66,700 | - |
| 9 | मध्य प्रदेश | 3 | 28 | - | - | 17,25,291 | 4 |
| 10 | दादरा और नगर हवेली | - | - | - | - | 43,205 | - |
| 11 | दमन और दीव | - | - | - | - | 4,889 | - |
| 12 | गुजरात | 0 | 5 | 278 | - | 22,26,950 | 28 |
| 13 | जम्मू और कश्मीर | 0 | 7 | - | - | 8,54,108 | 9 |
| 14 | झारखंड | 0 | - | - | 15 | 7,04,942 | - |
| 15 | कर्नाटक | 0 | 6 | 1 | 0 | 12,34,699 | - |
| 16 | केरल | 0 | - | - | - | 16,49,357 | - |
| 17 | लक्षद्वीप | | - | - | - | 0 | - |
| 18 | महाराष्ट्र | 40 | 3 | 24 | - | 44,30,641 | - |
| 19 | गोवा | | - | - | - | 1,22,862 | 6 |
| 20 | मिजोरम | 261 | 3 | - | - | 1,23,727 | - |
| 21 | मेघालय | | - | - | - | 60,133 | - |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 22 | त्रिपुरा | | - | 10 | - | 1,65,927 | 10 |
| 23 | नागालैंड | 0 | - | - | - | 1,20,236 | - |
| 24 | मणिपुर | | - | - | - | 1,03,905 | - |
| 25 | पंजाब | - | - | - | - | 7,65,910 | 5 |
| 26 | हिमाचल प्रदेश | | 1 | - | - | 1,43,482 | - |
| 27 | हरियाणा | | - | - | - | 4,11,805 | - |
| 28 | दिल्ली | | 7 | - | 142 | 34,58,558 | - |
| 29 | ओडिशा | 10 | - | - | - | 11,31,695 | 5 |
| 30 | पुद्दुचेरी | - | - | 6 | - | 82,717 | 1 |
| 31 | राजस्थान | 0 | - | - | 0 | 23,84,870 | - |
| 32 | तमिलनाडु | - | 9 | 6 | - | 18,14,084 | - |
| 33 | उत्तराखंड | 0 | 14 | - | - | 1,07,147 | - |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 0 | 15 | 6 | - | 38,03,165 | 16 |
| 35 | पश्चिम बंगाल | 20 | - | - | - | 11,87,376 | - |
| 36 | सिक्किम | | 7 | - | - | 89,294 | - |

***